देश में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना औषधालय

6704. **श्री सोमपाल:**
श्री शारदा मुद्गल:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कितने केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना औषधालय कार्य कर रहे हैं और इन औषधालयों में कितने डाक्टर काम कर रहे हैं और पिछले तीन वर्षों के दौरान इन औषधालयों और केंद्रीय सरकार के अस्पतालों में प्रत्येक डाक्टर द्वारा देखे गए रोगियों की औसत संख्या क्या रही है;

(ख) क्या यह सच है कि अधिकतर औषधालय अपर्याप्त स्थान वाली इमारतों में है और कई-कई डाक्टरों को एक ही कमरे और एक ही मेज पर बैठना पड़ता है जिससे रोगियों और डाक्टरों को बहुत असुविधा होती है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और इस समस्या के हल के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री **(श्री बी. शंकरानन्द):** (क) आयुर्वेदिक, होम्योपैथी, यूनानी तथा सिद्ध औषधालयों/इकाइयों और 18 पोलिक्लिनिकों सहित केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के 331 औषधालय/इकाइयां हैं। इन औषधालयों/इकाइयों में 1671 डाक्टर काम कर रहे हैं। गत तीन वर्षों के दौरान इन औषधालयों में प्रत्येक डाक्टर द्वारा देखे गये रोगियों की दैनिक औसत संख्या नीचे दी गयी है:—

वर्ष	एलोपैथी	आयुर्वेदिक	होम्योपैथी	यूनानी
1990-91	62	55	58	42
1991-92	62	60	54	45
1992-93	63	58	53	36

केन्द्रीय सरकार अस्पतालों में प्रत्येक डाक्टर द्वारा देखे गये रोगियों की औसत संख्या उपलब्ध नहीं है।

(ख) केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के कुछ औषधालय किराये के निजी भवनों में चल रहे हैं जहां अपर्याप्त स्थान के कारण डाक्टरों को कमरों का साझा उपयोग करना पड़ता है, मगर इससे उनके कार्य में बाधा नहीं पड़ती है।

(ग) जहां कहां संभव है चरणबद्ध ढंग से सम्पूर्ण सुविधाओं के साथ केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के भवन निर्मित करने के लिए प्रयत्न किये जा रहे हैं।

Steps to Bring Down the Birth Rate To A Significant Level

6705. SHRIMATI KAMLA SINHA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that in India the birth rate has dropped over the decades due to female literacy and availability Of mother-child health care rather than ... technologically-driven contraception ; and

(b) if so, what steps have been taken by Government to further promote mother-child health care and female literacy to sustain and promote this drop in the birth rate to a more significant level?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) Although the factors such as female literacy and mother child health care arc co-rclatcd with fertility decline, the Family Planning Programme has also made a significant impact on fertility. As a result of implementation of Family Planning Programme, 156. million birth are estimated to have been averted since inception of the Programme upto March, 1993.

(b) The measures being taken to bring down the birth rate consist of (a) improved maternal and child health care through child ' survival and safe motherhood programme (b) promotion of awareness of small family norms through information, education and communication, (c) strengthening of infrastructure to make the sendees more efficient and accessible and (d) more emphasis on female literacy.